RKSK
Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

परिचालन रूपरेखा

10 से 19 वर्ष के किशोर व किशोरियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिशा–निर्देश पुस्तिका

किशोर स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा
जनवरी 2014

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

RKSK
Rashtriya Kishor
Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

परिचालन रूपरेखा

10 से 19 वर्ष के किशोर व किशोरियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए दिशा–निर्देश पुस्तिका

किशोर स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा
जनवरी 2014

विषय सूची

अध्याय 1 परिचय.....02

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य रणनीति की प्रमुख विशेषताएं

किशोर: एक अवसर और एक चुनौती

सात सी और छ:ह प्राथमिकता वाले क्षेत्र

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.के.एस.के.)

परिचालन रूपरेखा का उद्देश्य और ढाँचा

अध्याय 2 कार्यक्रम की रूपरेखा.....05

हितधारक समूह

उद्देश्य

पौषण बढ़ाना

यौन और प्रजनन स्वास्थ्य को सक्षम बनाना

मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाना

क्षतियों और हिंसा की रोकथाम

नशावृति की रोकथाम

गैर संचारी रोगों की रोकथाम

रणनीतियाँ

संस्थागत व्यवस्था

अध्याय 3 उद्देश्य प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा?.....09

अध्याय 4 पियर शिक्षण के लिए दिशा निर्देश.....15

अध्याय 5 किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनीक के लिए दिशा निर्देश.....42

अध्याय 6 किशोर स्वास्थ्य दिवस के लिए दिशा निर्देश.....62

1 परिचय

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य रणनीति की प्रमुख विशेषताएं: –

किशोरावस्था: एक अवसर और एक चुनौती

किशोर (10 – 19 वर्ष) भारत की आबादी का पाँचवा हिस्सा है, और एक तिहाई आबादी युवा लोगों की है। यह एक बड़े अवसर का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसके द्वारा इस देश का सामाजिक और आर्थिक भाग्य बदल सकते हैं। किशोरों और युवाओं की विशाल संख्या को ध्यान में रखते हुए भारत देश को यह सुनिशिचत करना होगा कि वह जीवंत और रचनात्मक शक्ति बनकर सत्त और समावेशी विकास में योगदान कर सकें।

किशोरों की क्षमता को पूरा सक्षम बनाने के लिए किशोरों की शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और दूसरे क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश करना आवश्यक है। हरियाणा राज्य में किशोरों की सख्या लगभग 55 लाख है। किशोरों में निवेश करने से हरियाणा प्रदेश के स्वास्थ्य लक्ष्यों पर और सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों को पूरा करने में (मिलीनियम विकास लक्षयों) तत्काल, प्रत्यक्ष और सकारात्मक प्रभाव पडेगा। साथ ही, इससे आर्थिक उत्पादकता बढ़ेगी, सामाजिक कामकाज प्रभावी होगा और कुल जनसख्या विकास में वृद्वि होगी। किन्तु कई तरह के कारणों की वजह से जैसे की संरचनात्मक गरीबी, सामाजिक भेदभाव, नकारात्मक सामाजिक मापदन्डों, अपर्याप्त शिक्षा और जल्दी शादी और बच्चे पैदा होने के कारण काफी किशोरों को उनके स्वास्थ्य के विकास में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से निचले वर्ग की आबादी के किशोरों में।

किशोरों के स्वास्थ्य और विकास सम्बंधी आवश्यकताओं की तरफ ध्यान केंद्रित करने हेतु यह अनिवार्य है कि किशोरावस्था को जीवन अवधि की समाज शास्त्रीय, सांस्कृतिक और आर्थिक सच्चाईयों को सामने रखें।

स्वास्थ्य विभाग की प्रतिक्रिया: एक प्रतिमान बदलाव

किशोरों की स्वास्थ्य और विकास संमबधी जरूरतों को समग्र रूप से नज़र में रखते हुए भारत सरकार द्वारा विकसित की गई व्यापक रणनीति जोकि भागीदारी के सिद्वांतों, अधिकारों, लैंगिक समानता और रणनीतिक साझेदारी पर निर्धादित है, को हरियाणा राज्य में लागू करने की योजना बनाई गई है।

यह रणनीति इस कल्पना पर निर्धारित है कि हरियाणा राज्य के सभी किशोर अपने स्वास्थ और कल्याण से सूचित और जिम्मेदार निर्णयों के द्वारा अपनी पूर्ण क्षमता और योग्यता को उभार सकें।

इस सोच को लागू करने के लिए सभी विभागों जैसे की स्वास्थ, शिक्षा, महिला और बाल विकास, और श्रम (लेबर) तथा किशोरों के स्वयं के परिवारों और समुदाय को सम्मिलित करने के प्रयासों की आवश्यकता है।

यह रणनीति एक बदलाव है जो कि मौजूदा क्लीनिक पर आधारित दृष्टिकोण की बजाय एक समग्र माडल की ओर केंद्रित है। यह रणनीति समुदाय आधारित स्वास्थ्य संवर्धन पर केंद्रित है जिसके द्वारा निवारक, निदान और उपचारात्मक सेवाओं को मज़बूत बनाया जा सके। इस रणनीति का प्रस्तावित दृष्टिकोण, किशोर स्वास्थ्य और विकास की आवश्यकतों के लिए लगातार सेवाएं प्रदान करना है। इसमें सम्मलित है जानकारी, वस्तुओं का और सेवाओं का समुदाय स्तर तक प्रावधान व तीन स्तरीय लोक स्वास्थ्य प्रणाली द्वारा रैफरल के लिंकेज भी बनाना। इस रणनीति के द्वारा किशोरों और क्षेत्र सेवा प्रदाताओं (जैसे की अध्यापक, मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता - आशा, ए.एन.एम, आंगवाड़ी कार्यकत्ता और नेहरू युवा केन्द्र संगठडो के स्वंय सेवक) का संलग्न होगा ताकि किशोरों तक सेवाएं पहुँच सके।

कार्यान्वयनः सात सी.(7Cs) और छह प्राथमिकता वाले क्षेत्र

इस रणनीति को लागू करने के लिए सात महत्वपूर्ण घटकों की पहचान की गई है। सात सी (7Cs) इन घटकों को सभी क्रार्यकम क्षेत्रों पर लागू करना सुनिश्चित किया जाना है। यह घटक इस प्रकार से है: कवरेज (7Cs-Coverage), सामग्री (Content), समुदाय (Communities), क्लिनिक (Clinics-Health Facilities), परामर्श (Counseling), संचार और अन्तर विभागी ताल मेल (Communication and Convergence).

किशोरों के स्वास्थ्य के छह प्राथमिक क्षेत्र है। पौषण (Nutrition), यौन और प्रजन्न स्वास्थ्य (Sexual & Reproductive Health (SRH)), अंसक्रमक बिमारियों (Non Communicable Diseases (NCDs)), नशावृति (Substance Misuse), क्षति और हिंसा (Injuries and Violence), लिंग आधारित हिंसा (gender based violence) और मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) इसमें शामिल है।.

इस परिचालन रुपरेखा के लक्षित समूह (और उनकी भूमिका) में निम्नलिखित शामिल हैं: -

क. राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रम मिशन निदेशक की जिम्मेदारियां: -

* यह सुनिश्चित करें कि किशोर स्वास्थ्य को जरुरी महत्व मिले, रणनीतिक दिशा प्रदान करें।
* राज्य के एन एच एम बजट में किशोर स्वास्थ्य के घटक को संगठित करें।
* किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए आवश्यक स्टाफ की भर्ती के लिए प्रणाली स्थापित करें।
* किशोर स्वास्थ्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए भागी सहयोगियों के प्रयासों को एकीकृत करे।
* अभिसरण के पहलुओं को दिशा प्रदान करें।
* किशोर रणनीति और परिचालन दिशा निर्देशों पर आधाारित राज्य विशिष्ट मानक संचालन प्रकियाओं (Standard

Operating Procedures) को बनाने की तैयारियों की देख – रेख करे।

* किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति को पीआईपी (PIP) में दिए गए लक्ष्यों के आधाार पर मानिटरिंग करें।

ख. राज्य जिला नोडल अधिाकारियों की जिम्मेदारियां: –

* किशोर स्वास्थ्य का राज्य/जिला का पीआईपी (PIP) तैयार करना।
* राज्य/जिला के बजट (PIP) में किशोर स्वास्थ्य के घटक को संगठित करना।
* किशोर रणनीति और परिचालन दिशा निर्देशों पर आधाारित राज्य विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रियों (Standard Operating Procedures) को बनाना।
* किशोर स्वास्थ्य रणनीति और गतिविधियों को पी आई पी (PIP) के अनुसार लागू करना।
* किशोर स्वास्थ्य की मासिक रिपोर्ट को तैयार करना।
* किशोर स्वास्थ्य की रिपोर्ट को मिशन निदेशक को व भारत सरकार के पास जमा करवाना।
* किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की नियमित मॉनीटरिंग व सहायक पर्यवेक्षण करना (Supportive Supervision)।

ग. . राज्य और जिला कार्यक्रम प्रबंधक

* किशोर स्वास्थ्य की पी आई पी को बनाने में देख – रेख करना।
* नियमित मॉनीटरिंग व सहायक पर्यवेक्षण करना।

2 कार्यक्रम सम्बंधी रूपरेखा

लक्षित समूह (Target Group)

यह किशोर रणनीति 10 से 14 वर्ष और 15 से 19 वर्ष के किशोरों की सार्वभौमिक कवरेज यानि की परूष और महिलाओं; शहरी और ग्रामीण, स्कूल में जाने वाले और स्कूल न जाने वाले किशोर; विवाहित और अविवाहित और कमजोर वर्ग के किशोर शामिल है।

उदेश्य

इस रणनीति के मुख्य उद्देश्य हैं: –

पोषण बढ़ाना (Improve Nutrition): –

- किशोर लड़के व लड़कियों में कुपोषण की व्यापकता को कम करना
- किशोर लड़के व लड़कियों में लोहे की कमी से होने वाले अनीमिया की व्यापकता को कम करना

यौन प्रजनन और मातृ स्वास्थ्य को सक्षम बनाना (Enhance Sexual & Reproductive Health): –

- यौन और प्रजन्न स्वास्थ्य के संदर्भ में ज्ञान, दृष्टिकोण और व्यवहार में सुधार
- किशोर गर्भधारण को कम करना
- किशोर माता – पिता को जन्म की तैयारियों, जटिलता तत्परता में सुधार और मातृत्वि में सर्मथन प्रदान करना

मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाना (Enhance Mental Health): –

- किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबधित चिंताओं को नियंत्रण करना

किशोरों में क्षति और हिंसा की रोकथाम (Prevent Injuries and Voilence): –

- किशोरों में क्षति और हिंसा को रोकने के लिए अनुकूल दृष्टिकोण को बढावा देना (इसमें लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम भी शामिल हैं)

नशावृति की रोकथाम (Prevent Substance Abuse): –

- **किशोरों में नशावृति के प्रतिकूल प्रभाव और परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना**

गैर संचारी रोगों की रोकथाम (Prevent Non Communicable Diseases): –

- **गैर संचारी रोगों (जैसे की घात, हृदय रोग, मधुमय और उच्च रक्तचाप) की रोकथाम के लिए व्यवहार परिवर्तन लाना**

उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति निम्न प्रकार से है:

किशोर स्वास्थ्य के लिए समर्पित: –

क समुदाय आधारित व्यवधान (Community based Intervention)

- पीयर एजुकेशन (Peer Education)
- तिमाही किशोर स्वास्थ्य दिवस (Adolescent Health Day)
- साप्तहिक आयरन और फोलिक ऐसिड पूरक कार्यक्रम (WIFS)
- माहवारी स्वच्छता स्कीम (Menstrual Hygiene Scheme)

ख समुदाय आधारित व्यवधान के – किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक को प्रबल करना (Community based Intervention)-Stregthening of Adolescent Friendly Health (AFH)

- किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक (Adolescent Friendly Health Clinic)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के अंतर्गत अभिसरण (Convergence):

- **परिवार नियोजन, मातृत्व स्वास्थ्य, आर.बी.एस.के., एड्स रोकथाम कार्यक्रम, तम्बाकू रोकथाम कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोगों की रोकथाम का कार्यक्रम व आई.ई.सी. (Family Planning, Maternal Health, RBSK, AIDS Control Programme, Tobacco Control Programme, Mental Health Programme, Prevention of NCDs and IEC).**

संस्थागत व्यवस्था: –

- **किशोर स्वास्थ्य की राज्य समिति (State Committee for Adolescent Health - SCAH): –** हरियाणा राज्य स्तर पर किशोर स्वास्थ्य की समिति बनाई जाएगी जोकि दूसरे विभागों से अभिसरण करने के प्रयासों की देखरेख करेगी और कार्यान्वयन के मुद्दों को सुलझाएगी। इस समिति की अध्यक्षता प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा (Principal Secretary, Health, Haryana) द्वारा की जाएगी। जिसमें हरियाणा के निम्नलिखित

अधिकारी सदस्य होंगे: –

मिशन निदेशक (NHM), महानिदेशक (Health Services), महानिदेशक (WCD), महानिदेशक (AYUSH), निदेशक (BCC), निदेशक (Education), निदेशक (Sports), निदेशक (पंचायती राज), निदेशक (किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम), निदेशक (स्टेट एडस कंट्रोल सोसायटी), उप निदेशक (किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम)। इस समीति की बैठक वर्ष में दो बार होगी। उप निदेशक (किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) इस समीति की सदस्य (Member Secretary) सचिव होंगे।

- **किशोर स्वास्थ्य की कार्यकारिणी समीति (Working Committee for Adolescent Health - WCAH): –** यह समीति भी दूसरे विभागों से अभिसरण करने के प्रयासों की देखरेख करेगी। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के मिशन निदेशक करेंगे। इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे: –

  निदेशक (Adolescent Health), उप निदेशक (WCD, Sports, Education, Panchayati Raj, PR, AYUSH, Adolescent Health, Family Planning, NCD, Community Process. इस समीति की बैठक वर्ष में चार बार होगी। उप निदेशक (किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) इस समीति की सदस्य (Member Secretary) सचिव होंगे।

- **किशोर स्वास्थ्य की ज़िला समीति (District Committee for Adolescent Health - DCAH): –** मौजूदा वीफस की जिला समीति को विस्तृत किया जाएगा ताकि किशोर स्वास्थ्य से सम्बंधित मुद्दो को भी सम्मिलित किया जा सके। इसकी अध्यक्षता जिला उपायुक्त करेंगे। इसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे: –

  सिविल सर्जन, उप सिविल सर्जन (Adolescent Health), DEO, DEEO, PO ICDS, District Sports & Youth Officer, AIDS, Family Planning, NCD, District Development & Panchyat Officer, District Adolescent Health Officer, District ASHA Coordinator, Director Public Relation Officer, District AYUSH Officer. इस समीति की बैठक हर तिमाही होगी।

- **गाँव स्वास्थ्य, पोषण और सफाई समीति (Village Health, Nutrition and Sanitation Committee): –** इस समिति की सदस्यता को बढ़ाया जा सकता है ताकि इसमें अध्यापकों, (एक महिला अध्यापक बेहतर रहेगी), और पीयर एजुकटर/मेंटरस। इस सीमित की कार्य योजना में किशोर स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियां शामिल की जा सकती हैं। जैसे कि किशोर स्वास्थ्य मेला। यह समितियाँ किशोरों को सेवाएं लेने के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान करने में निर्णायक सिद्व हो सकती हैं।

3 राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा?

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा?

उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों को निम्नलिखित समूह में दर्शाया जा सकता है:

★ **किशोर स्वास्थ्य (AH) विभाग के सीधे दायरे में:** समुदाय पर आधारित (पियर एजुकेटर, किशोर स्वास्थ्य दिवस, साप्ताहिक आयरन फोलिक ऐसीड पूरक कार्यक्रम, माहवारी स्वच्छता स्कीम) और स्वास्थ्य केन्द्रों पर आधारित (किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक और परामर्शदाता) और संचार जिसमें शामिल है – किशोर हेन्पलाईन।

★ स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों से तालमेल परिवार नियोजन, मातृत्व स्वास्थ्य (वी.एच.एन.डी. (VHND) भी शामिल है) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय एड्स रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, गैर संचारी रोग, आई.ई.सी. (IEC) विभाग।

★ **अंतर विभागय तालमेल:** महिला एव बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, मीडिया।

पियर एजुकेशन (Peer Education)

पियर एजुकेशन कार्यक्रम का उद्देश्य है कि किशोरों और युवाओं जो 10 – 19 वर्ष की आयु में हैं, वह नियमित और निरंतर पियर एजुकेशन कार्यक्रम से लाभ उठा सकें । इस कार्यक्रम में शामिल मुख्य मुद्दे हैं – पौषण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य, असंक्रामक बिमारियों, लिंग आधारित हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य। इस कार्यक्रम के द्वारा अंत में यह उम्मीद की जाती है कि इससे किशोरों के जीवन कौशल, ज्ञान और योग्यता में सुधार लाया जा सकता है

ग्रामीण स्तर पर पियर एजुकेटर कार्यक्रम के मुख्य विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल है: –

★ यह आशा की जाती है कि प्रत्येक गाँव में 1000 की जनसंख्या पर 4 पियर एजुकेटर (दो लड़के व दो लड़कियों) का चयन किया जाएगा। 2 स्कूल जाने वाले और 2 स्कूल न जाने वाले।

★ प्रत्येक पियर एजुकेटर से उम्मीद की जाएगी कि: –

- ★ 15 – 20 लड़कों और लड़कियों का समूह बनाना होगा और प्रति सप्ताह एक या दो सम्मिलित स्तर लेने होंगे जिसमें शामिल होगी किताबें और किशोरों के लिए खेल।
- ★ किशोर स्वास्थ्य दिवस में भाग लेना और युवा लोगों को और उनके माता – पिता को इसके बारे में बताना और जागरूक करना।

★ किशोर को रैफर करना: - 1) किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक और किशोर हैल्पलाईन और 2) किशोर स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ्य जाँच के लिए प्रोत्साहित करना।

★ पियर एजुकेटरों से यह भी आशा की जाती है कि वह एक डायरी बनाये जिसमें उनके द्वारा की गई बैठकों को और उनमें हिस्सा लेने वाले किशोरों की संख्या दर्ज करे। प्रत्येक माह के अंत में पियर एजुकेटरों को एक सयुंक्त रिपोर्ट तैयार करनी होगी।

किशोर स्वास्थ्य दिवस (Adolescent Health Day)

★ किशोर स्वास्थ्य दिवस किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक अहम रणनीति है।

★ किशोर स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक गाँव में हर तिमाही लगाया जाएगा (रविवार के दिन कर सकते हैं) वी.एच.एन.डी के उपरान्त; सबला ज़िलों में यह दिवस किशोरी दिवस के साथ मनाया जा सकता है । यह आंगनवाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्थानों पर भी आयोजित किया जा सकता है। किशोर स्वास्थ्य दिवस पर किशोरों के लक्षित समूहों (स्त्री/पुरूष; 10 - 14 और 15 - 19 आयु, स्कूल जाने वाले, स्कूल न जाने वाले और वैवाहिक किशोर) इस दिवस में माता - पिता, अध्यापकों और पी.आर.आई (PRIs) के सदस्यों को किशोर स्वास्थ्य की आवश्यकताओं के बारे में संवेदनशील बनाने का भी प्रयास किया जा सकता है।

किशोर स्वास्थ्य दिवस को लागू करने की विस्तृत दिशा – निर्देश अधयाय – 5 में दिये गए है

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक (Adolescent Friendly Health Clinic)

पीयर एजुकेशन कार्यक्रम अथवा किशोर स्वास्थ्य दिवस के द्वारा किशोरों को किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक में रैफर किया जाएगा, जहाँ पर सामग्री, आई.ई.सी और उपचारात्मक सेवाओं को **PHC, CHC** और **DH** स्तर पर प्रदान किया जाएगा व आऊटरीच और रैफरल सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

सामग्री (Commodities)

★ साप्ताहिक आयरन फोलिक एसीड पूरक गोलियां और एलबेंडाजोल

★ सेनीटरी नेपकिन (Sanitary Napkins)

★ गर्भ निरोधक दवाईयां

जानकारी (Information)

(आई.ई.सी (IEC) और आई.पी.सी (IPC) यानि सूचना शिक्षा और संचार और अंतर व्यक्तिगत संचार)

★ पौषण, माहवारी संबधति समस्याएं, व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता, सेनेटरी नेपकिन का प्रयोग, गर्भ निरोधकों का प्रयोग, यौन चिंताएं, उदासीनता, यौन शोषण, लिंगं आधारित हिंसा, नशावृति और गैर संचारी बिमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देना

★ पोस्टरस/पुस्तिकाएं/पेंमफलेटज़, दीवार लेखन और दृश्य

उपचारात्मक सेवाएं (Services)

★ गंभीर कुपोषण का उपचार

★ सामान्य आर.टी.आई/एस.टी.आई समस्याओं का उपचार

★ माहवारी समस्याओं का उपचार

- ★ स्त्री और पुरूष के यौन समस्याओं का उपचार
- ★ उदासीनता की रोकथाम /मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ
- ★ गैर संचारी बिमारियों और सामान्य बीमारियों का उपचार
- ★ दुर्घटना और हिंसा संबंधित क्षतियों की रोकथाम
- ★ युवतियों में यौन शोषण की रोकथाम
- ★ नशावृति की रोकथाम
- ★ गैर संचारी रोगों जैसे की घात, हृदय रोग, मधुमय उच्च रक्तचाप इत्यादि।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सब – डिविजन अस्पतालों और ज़िला अस्पतालों में परार्मशदाता की नियुक्ति।

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक को स्थापित करने का दिशा निर्देश अध्याय – 6 में दर्शाए गए हैं।

किशोर हैल्पलाईन (Adolescent Helpline)

किशोरों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य द्वारा किशोर हैल्पलाईन स्थापित की गई है। हैल्पलाईन नं 8288014141 प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यलय के समयानुसार (सुबह 9 से सायं 5 बजे तक) चालू रहेगी।

प्रशिक्षण की अवधि

प्रशिक्षण	उच्च राज्य /ज़िला / ब्लाक स्तर पर	प्रदाताओं का प्रशिक्षण
आयूष डाक्टर /डेन्टल सर्जन /एम.ओ.	3 दिन	तीन दिन
परामर्शदाता (Counselor)	6 दिन	दो दिन
पियर एजुकेटर	6 दिन	तीन दिन

* सभी स्वास्थ्य केन्द्रों (CHC, PHC) पर पियर एजुकेटरों का प्रशिक्षण आयुष डाक्टर करेंगे।
* जहां आयुष डाक्टर नहीं होंगे वहां यह प्रशिक्षण डेन्टल सर्जन द्वारा दिया जाएगा। जहां आयुष डाक्टर /डेन्टल सर्जन दोनों उपलब्ध नहीं होंगे, वहां प्रशिक्षण एमओ द्वारा दिया जाएगा
* जहां इन तीनों में से काई भी उपलब्ध नहीं होगा वहां यह प्रशिक्षण एएनएम द्वारा दिया जाएगा।

प्रशिक्षण: –

- ★ राज्य स्तर पर निम्नलिखित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा: –

Dy. CMO, Distt. Adolescent Health Officer, Ayush Doctor (4), Distt. Elementary Education Officer, Distt. Education Officer, Distt. Sports & Youth

Officer and PO (ICDS). यें प्रशिक्षित अधिकारी जिला स्तर के प्रशिक्षण के Master Trainer होंगे।

★ जिला स्तर पर निम्नलिखित अधिकारियों को प्रशिक्षण Master Trainers द्वारा दिया जाएगा: -

Counselor (Adolescent Health), Ayush Doctor/Dental Surgeon/Medical Officer (जो भी CHC/PHC पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का नोडल अफसर होगा), BEO, BEEO, CDPO (ICDS), Block Panchayti Raj Officer, Block ASHA Coordinator, जिला अस्पताल के कार्यकर्त्ता - एम.ओ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, एस.टी.आई. विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स।

★ PHC स्तर पर निम्नलिखित अधिकारियों को 3 दिन का प्रशिक्षण Ayush Doctor/Dental Surgeon/Medical Officer द्वारा दिया जाएगा: - ANMs/LHV, ASHA Workers, ASHA Facilitator, Supervisors of WCD. Head Master of Elementary Schools (Class 6-8), Principal/Nodal Teacher for Adolescent Health (Class 6-12) of Sr. Sec. School को 1 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

★ आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं का प्रशिक्षण उनकी मासिक बैठक में प्रशिक्षिति सुपरवाईज़र द्वारा प्रदान किया जाएगाा।

★ PHC के प्रशिक्षण के दिन ही CHC के स्वास्थ्य अधिकारियों का भी प्रशिक्षण होगा।

★ पियर एजुकेटरों का प्रशिक्षण मौजूदा व्यवस्था द्वारा ही दिया जाएगा यानि कि आयुष डाक्टर या डैटल सर्जन के द्वारा।

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक

परिचय

कई अनुसंधानों ने यह दर्शाया है कि किशोर स्वास्थ्य सुविधाओं का उपयोग पाँच मुख्य कारणों की वजह से नहीं कर पाते हैं

क) ज्ञान और उपयोग के साधनों की कमी

ख) सामाजिक और सांस्कृतिक बाधा

ग) एंकात और गोपनीयता की कथित कमी

घ) सेवाओं का उपयोग करने के लिए मुश्किल यानि सेवाएं बहुत दूर प्राप्त होती हैं या बहुत मंहगी होती हैं।

ड) सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारी का व्यवहार अमित्रतापूर्ण होना है।

इस सिलसिले में हाल ही में शुरू की गई किशोर स्वास्थ्य रणनीति पूरे राज्य में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिकों की स्थापना पर ज़ोर डालती है। क्लिनिकों की स्थापना का उद्देश्य मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं में मामूली बदलाव लाकर मौजूदा कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर परामर्शदाता की नियुक्ति करके और सामग्री जैसे कि आइ.एफ.ए, गर्भनिरोधक तरीकों इत्यादि का प्रावधान करके किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्षम बना सकते हैं।

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व ज़िला अस्पतालों के स्तर तक प्रदान करनी होगी

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्देश्य

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक का प्राथमिक उद्देश्य सुनिश्चित करना है। किशोरों को स्वास्थ्य केन्द्रों पर नैदानिक और परामर्श सुविधाए प्रदान हो। यह निम्न प्रकार से है: –

★ न्यायसंगत (Equitable): – 10 – 19 वर्ष के सभी किशोर ये सेवाएं प्राप्त कर सकें।

★ सुलभ (Accessible): – किशोर उपलब्ध सेवाएं प्राप्त कर सकें।

★ स्वीकार्य (Accetable): – किशोर उपलब्ध सेवाओं को प्राप्त करने के लिए तैयार हों।

★ उपयुक्त (Appropriate): – किशोरों को सही (यानि जिनकी उन्हे आवश्यकता हो) स्वास्थ्य सेवांए प्रदान की जाएं

★ प्रभावी (Effective): – सही स्वास्थ्य सेवाएं सही तरीके से प्रदान की जाएं और उनके स्वास्थ्य में एक सकारात्मक योगदान दे सकें।

परिचालन दिशानिर्देश का उद्देश्य

यह विभाग उन मुख्य बदलावों को दर्शाता है जिनकी किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिकों के संचालन के लिए आवश्यकता होगी, इसमें शामिल है समग्र परिचालन रूपरेखा, सपोर्टिव सुपरविज़न और निगरानी और अंत में, कार्यान्वयन करने का तरीका। यह ज़िला और ब्लाक स्तर के कार्यक्रम प्रंबध को लागू करने में सहायक होगी।

परिचालन दिशनिर्देश

यह विभाग किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक के समग्र ढ़ाँचे का अवलोकन प्रदान करता है जो कि इन क्लिनिकों की योजना और कार्यान्वयन के लिए सहायक होगा।

अवलोकन

यह अध्ययनों द्वारा दर्शाया गया है कि मध्यास्ता अधिक प्रभावी होती है जब उन बाधाओं को कम करने का प्रयत्न किया जाता है जोकि किशोर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने में पाते हैं:

★ स्वास्थ्य सेवाएं किशोरों की आवश्यकताओं के अनुसार हों और उनके लिए आकर्षक और अनुकूल हो।

★ स्वास्थ्य सेवा प्रदाता किशोरों की ओर विचारशील हो। उनकी समस्याओं पर स्वयं के अनुमान न बनाए।

★ किशोर इस बात से अवगत हों कि स्वास्थ्य सेवाऐं कहाँ प्राप्त होती हैं।

★ किशोरों को जब इन सेवाओं की आवश्यकता हो तब वह सेवाओं को प्राप्त करने को तैयार हों और सेवाप्रदाताओं में यह क्षमता हो कि वह सही सेवाएं सही ढंग से प्रदान कर सकें।

★ समुदाय के सदस्यों को भी इन सेवाओं के बारे में ज्ञान हो व इन सेवाओं की विभिन्न समूहों की आवश्यकता के बारे में जागरूक हो।

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं की संरचना

यह निर्देशित किया जाता है कि किशोर अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं की स्थापना निम्नलिखित मौजूदा स्वास्थ्य के स्तर पर करनी होगी।

★ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 20000 की जनसंख्या पर पहाडी क्षेत्रों में और समतल क्षेत्रों में 30,000 की जनसंख्या पर स्थापित करना होगा।

★ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 80,000 की जनसंख्या पर पहाडी क्षेत्रों में और समतल क्षेत्रों में 1,20,000 की जनसख्या पर स्थापित करना होगा।

★ ज़िला मुख्यालय स्तर पर ज़िला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्थापित करने होंगें।

किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिकों का पैकेज

किशोरावस्था में शरीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास होता है। यह वो समय होता है, जब एक युवा को जोखिम और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो कि इन समस्याओं को जन्म देती है: –

मनोवैज्ञानिक समस्याएं जैसे कि उदासीनता / कम आत्म विश्वास

★ स्वास्थ्य समस्याएं जैसे कि अनीमिया यानि खून की कमी, कुपोषण / अतिपोषण

★ यौवन के मुद्दों के बारे में चिंता, तनाव इत्यादि।

★ यौन और प्रजन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे कि आर.टी.आई (**RTI**), एस.टी.आई **(STI)**, एच.आई.वी / एड्स **(HIV/AIDs)** अनचाही गर्भावस्था और सही आयु से पहले गर्भावस्था, माहवारी संबंधित समंस्याए इत्यादि।

★ क्षति और हिंसा यानि कि यौन उत्पीडन, बलात्कार, घरेलू हिंसा, सड़क दुघर्टना, कृषि पद्धौतया, डूबना इत्यादि।

★ तम्बाकू, शराब और दूसरे नशीले पदार्थो का सेवन।

इसलिए यह आवश्यक है कि किशोरों और युवाओं को नैदानिक और परामर्श सेवाएं प्रभावी रूप से प्रदान की जांए।

संचार (Communication)

संचार किशोर रणनीति का एक अहम पहलू है।

★ ज़िलों और लक्षित समूह में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने होगे।

★ मीडिया प्लान बनाया जाएगा जो कि लक्षित समूह की आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर बनाया जाएगा और सेवाप्रदाताओं को भी संवेदनशील बनाने के लिए भी कारगर होगा

माता – पिता की भूमिका को प्रबल करना

किशोरों को सर्मथन प्रदान करने में माता – पिता की अहम भूमिका होती है। माता – पिता को जागरूक करने के लिए व उनको किशोरों की आवश्यकताओं की ओर संवेदशील बनाने के लिए विद्यायलों में होन वाली माता – पिता अध्यापकों की बैठकों का उपयोग किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, किशोर स्वास्थ्य दिवस के दौरान परामर्शदाता या प्रशिक्षत एम.ओ. / ए.एम.ओ / ए.एन.एम. को माता – पिता के साथ समूह बैठकें कर सकते हैं ताकि उन्हें निम्नलिखित मुद्दों पर जानकारी दी जा सके ।

किशोर स्वास्थ्य से सम्बंधित विषयों पर

कौशल: किशोरों के माता – पिता को अपने बच्चों से बेहतर सम्पर्क स्थापित करने के लिए और किशोरों के पालन में आने वाली समस्याओं के बारे में उनके विचार जानें और प्रत्यन्न करें कि माता – पिता को कैसे इन समस्याओं को दूर करे सकते हैं के बारे में जानकारी दें।

समर्थन: माता – पिता को किशोरों के सम्बंधित समस्याओं के उपलब्ध संसाधानों के बारे में शिक्षित और अवगत कराएं।

4 पियर शिक्षण के लिए दिशा निर्देश

नई राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य रणनीति में 10 – 19 वर्ष के किशोरों को बचाव व इलाज संबंधी स्वास्थ्य विषयों पर अत्यधिक जोर दिया है। समुदाय स्तर पर पियर शिक्षण इस रणनीति का एक प्रमुख घटक है। विश्व स्तर पर युवाओं तक किशोर स्वास्थ्य सम्बंधित विषयों के ज्ञान को पहुंचाने में पियर एजुकेटर का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। एक पियर एजुकेटर द्वारा दी गई जानकारी को उसके ही समायु व समान भोगौतिक परिपेक्ष्य में रहने वाले अन्य किशोर अच्छी तरह से समझ पाते हैं और उन पर उनका पूर्ण विश्वास भी होता है।

इस विभाग में पियर शिक्षण को गाँव के स्तर पर लागू करने, पियर एजुकेटर का चयन, उनका लक्ष्य, उनकी कार्यशैली और उनकी सफलता आदि का एक परिचय दिया गया है। उसके बाद कार्यक्रम की तैयारी, पियर एजुकेटर का प्रशिक्षण, उनके द्वारा की जाने वाली बैठकें, सहायक पर्यवेक्षण, उन पर निरीक्षण व रिपोर्टिग आदि का वर्णन किया गया है।

पियर शिक्षण (Peer Education)

विश्व स्तर पर युवाओं तक स्वास्थ्य सम्बंधित विषयों के ज्ञान को पहुंचाने के लिए पियर एजुकेटर का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है और उसके बाद ये प्रशिक्षित पियर एजुकेटर अपने समान आयु वर्ग, समान सामाजिक स्तर व समान शैक्षणिक स्तर वाले अन्य किशोर व किशोरियों को अपनी शिक्षण साम्रगी व अन्य गतिविधियों के द्वारा किशोर सम्बन्धी विषयों व उनको समस्याओं के बारे में जागरूक करते हैं।

सामान्य रूप से एक पियर एजुकेटर की भूमिका को 3 वर्गो में बाँटा जा सकता है: –

1. उपयुक्त सामग्री के द्वार अन्य किशोर व किशोरियों में जानकारी को साँझा करना। (आपस में विचार विमर्श करना)
2. पियर शिक्षण जिसके द्वारा किशोर व किशोरियों के ज्ञान, योग्यता व कौशल को बढ़ावा मिलता है।
3. अंत में प्रशिक्षित कॉऊन्सलरों (परामर्शदाता) के द्वारा परामर्श अथवा अन्य गहन मनोवैज्ञानिक विषयों पर सहायता मिल सके।

ये क्रियात्मक निर्देश मुख्य रूप से पियर शिक्षण पर आधारित है जो कि नई राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य रणनीति का एक प्रमुख घटक है जिसमें जानकारी, शिक्षा व परामर्श (**IEC**) अथवा अंतर व्यक्तिगत संचार (**IPC**) के लिए किशोर स्वास्थ्य दिवस (**IEC**) व प्रशिक्षित परामर्शदाताओं के द्वारा किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक में व प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा किशोर हैल्पलाइन पर परामर्श आदि का वर्णन मिलता है।

	जानकारी साँझा	पियर शिक्षण	पियर परामर्श
उद्देश्य	जागरूकता जानकारी व्यवहार बदलाव	जागरूकता जानकारी व्यवहार बदलाव कौशल को बढ़ावा परामर्श के लिए भेजने का प्रथम स्थान	जानकारी व्यवहार बदलाव आम्सम्मान मनोवैज्ञानिक समर्थन
लक्षित	उच्च	मध्य	निम्न

आवृति	निम्न	मध्य/उच्च	उच्च
लक्षित वर्ग	समुदाय अभिभावक किशोरों के बड़े समूह	किशोरों के छोटे-छोटे समूह व कई जगह व्यक्तिगत भी	व्यक्तिगत और कई जगह छोटे समूह
मध्यस्थता के प्रकार	किशोर स्वास्थ्य दिवस	पियर एजुकेंटरों द्वारा की गई बैठको द्वारा	CHC/DH पर किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिकों पर के किशोर हैल्पलाइन द्वारा

एन.एच.एम का अवलोकन - किशोर स्वास्थ्य पियर शिक्षण कार्यक्रम NHM की AH रणनीति में दर्शाया गया है कि पियर शिक्षक कार्यक्रम द्वारा 10 - 19 वर्ष के किशोर व किशोरियों का नियमित व निरंतर मार्गदर्शन होगा और उन्हें पोषण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य, असंक्रमक, व्याथियाँ, नशावृति, क्षति व हिंसा (मुखत्या लिंग आधारित हिंसा) एवं मानसिक स्वास्थ्य आदि विषयों पर जागरूकता प्राप्त होगी।

पियर एजुकेटर की कार्यशैली (ग्रामीण) (Operational Guidelines of Peer Education) (Rural)

पियर एजुकेटर के कार्यो के क्रियान्वयन के लिए गाँव के स्तर पर, 1000 की जनसंख्या पर दो लड़का व दो लड़की पियर एजुकेटर का चयन किया जाता है। ये पियर एजुकेटर अपने गाँव, स्कूल व स्कूल न जाने वाले अन्य किशोरों को पियर एजुकेटर किट FAQ, किताब व अन्य गतिविधिओं द्वारा किशोरावस्था में आने वाली परेशानियों व बीमारियों सम्बन्धी विषयों पर विचार विमर्श करते है व आवश्यकता पड़ने पर परामर्श अथवा इलाज के लिए उन्हें पास कि CHC अथवा DH पर परामर्शदाता के पास भी भेज सकते है।

पियर एजुकेटर की कार्यशैली (शहरी) (Operational Guidelines of Peer Education) (Urban)

ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहरी क्षेत्रों में भी पियर एजुकेटर कार्यक्रम क्रियांवित होगा। हर एक शहरी पी.एच.सी. 4 पियर एजुकेटरों का चयन व प्रशिक्षण किया जाएगा। एक लड़का व एक लड़की पियर एजुकेटर क्रमश: स्कूल जाने वाले 15 - 20 किशोर व किशोरियों का समुह बनाकर उनकी बैठके करेंगे। इस प्रकार एक लड़का व एक लड़की पियर एजुकेटर क्रमश: स्कूल न जाने वाले 15 - 20 किशोर व किशोरियों का समुह बनाकर उनकी बैठके करेंगे। राज्य सामुदायिक आवश्यकता के अनुसार पियर एजुकेटरो की संख्या में बदलाव कर सकते है।

पियर एजुकेटर के लिए आवश्यक है कि: –

- ★ पियर एजुकेटर एक समान सामाजिक व भौगोलिक परिपेक्ष्य जैसे आयु, लिंग व स्कूल आदि के किशोर होते हैं जो कि अपने अन्य किशोरों को आने वाली परेशानियो को अच्छी प्रकार से समझ सकते हैं।
- ★ पियर एजुकेटर कार्यक्रम की सफलता के लिए पियर एजुकेटर के चयन, उनके उतम प्रशिक्षण व उनका गहन सहायक पर्यवेक्षण अत्यंत अवश्यक है।
- ★ पियर एजुकेटर को कार्य में लगाये रखने के लिए मानदेय भी अत्यंत आवश्यक है।
- ★ पियर एजुकेटर को अपने कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अपने निर्णय स्वयं लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए।
- ★ साप्ताहिक बैठकों का एक पाठ्यक्रम होना चाहिए। इन बैठकों में किशोर समुदाय की जरूरतों सम्बन्धी बातों का होना अत्यत आवश्यक है जैसे अगर समूह में शादीशुदा व गर्भवती किशोरियां हैं तो गर्भावस्था, गर्भावस्था के पूर्व व पश्चात आने वाली परेशानियों के बारे में विचार विमर्श अवश्य करें।
- ★ ये साप्ताहिक बैठकें किशोरों को उनके समय के अनुकूल होनी चाहिए ताकि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में बैठकों मे शामिल हो सके।

आशा के लिए निर्देश

1. गांव के स्तर पर आशा, पियर एजुकेटर सहायक के रूप में रहेगी जो यह ध्यान देगी की ग्रामीण स्तर पर पियर एजुकेटर सम्बन्धी गतिविधियाँ सुचारू रूप से चल सकें।
2. आयुष डाक्टर अथवा दन्त चिकित्सक हर माह पियर एजुकेटरों को किशोरावस्था सम्बंधित विषयों पर प्रशिक्षण देंगे।
3. आशा कार्यकर्ताओं को किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम व उसमे उनकी भूमिकाओं के बारे में अवगत कराने के लिए उनके मासिक प्रशिक्षणों में आशा सहायक द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम को लागू करने की प्रक्रिया कार्यक्रम को लागु करने की प्रक्रिया की शुरूआत होगी मुख्य स्टॉफ के प्रशिक्षण द्वारा जैसे कि सामुदायिक अथवा प्राथमिक चिकित्सक केंद्र पर नियुक्त आयुष चिकित्सक अथवा जहाँ आयुष चिकित्सक न हो वहा दन्त चिकित्सक का प्रशिक्षण (3 दिन), समुदाय व अभिभावकों में पियर एजुकेटर कार्यक्रम के लिए जागरूकता पैदा करना, पियर का चयन, किशोर समूहों का गठन, पियर एजुकेटर के लिए सहायक पर्यवेक्षण व उनके कार्यो की निगरानी करना शामिल है।

सीधे लागु करने का ढाँचा

हरियाणा में यह कार्यक्रम सीधे DHFW द्वारा लागू किया जायेगा जिसका कि ढांचा निम्न प्रकार से होगा: –



	गतिविधि	विवरण	समय प्रतिबद्धता			
			आयुष /दन्त चिकित्सक	ए.एन.एम.	आशा	पियर एजुकेटर
एक बार की गतिविधि						
1	कार्यक्रम के लिए जागरूकता फैला कर समुदाय स्तर पर पूर्ण समर्थन प्राप्त करना	समुदाय के बड़े मुखियाओं जैसे सरपंच या वी.एच्.एस.सी. के सदस्यों व अभिभावकों से मिलकर कार्यक्रम के लिए जागरूक करना व कार्यक्रम के लिए एक आम सहमति बनाना व लायक पियर एजुकेटर का पता लगाना। मुखियाओं के साथ निम्न बातों पर विचार करना चाहिए: - ★ किशोर स्वास्थ्य की आवश्यकता ★ पियर शिक्षण की जरूरतों व प्रभावों के विषय में सिफारिश करना ★ पियर एजुकेटर कार्यक्रम का एक ब्यौरा और अन्य किशोर समूहों को होने वाले लाभ के विषय में बताना	नहीं	हर गांव में 2 घंटे की बैठक	½ दिन	नहीं
2	4 पियर एजुकेटर का चयन करना	प्रत्येक 1000 की जनसंख्या पर 2+2 लड़का व लड़की पियर एजुकेटर का चयन करना जो कि स्वयं सेवक होंगे। पियर एजुकेटर को किन विषयों पर				
		कार्य करना होगा, उसके लिए कितना समय व उनको क्या मानदेय देना होगा आदि बातो के बारे मे उन्हे पहले ही बता देना चाहिए।				
3	किशोर समूह का गठन	हर पियर एजुकेटर को 15 - 20 किशोरों का एक समूह बनाना होगा जिसमें कि वह आशा / मुखिया व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता ले सकता है	नहीं	नही	0.5 दिन	2 दिन
4	पियर एजुकेटर का प्रशिक्षण	पियर एजुकेटर के लिए पियर एजुकेटर किट द्वारा 1 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना	1 दिन	नही	नही	1 दिन
कुल समय लगेगा (8 घंटे) 8 दिन			1 दिन	3 दिन	1 दिन	3दिन

	गतिविधि	विवरण	समय प्रतिबद्धता			
			आयुष /दन्त चिकित्सक	ए.एन.एम.	आशा	पियर एजुकेटर
चल रही गतिविधियाँ						
	पियर एजुकेटर की बैठके करवाना व उनकी बैठकों की डायरी बनवाना	प्रत्येक पियर एजुकेटर की निम्नलिखित जिम्मदारियां होगी ★ अपने समूह के साथ प्रत्येक माह 2-2 घंटे की 4 साप्ताहिक बैठकें करनी होगी जो कि किशोर स्वास्थ्य के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी। ★ सभी साप्ताहिक बैठकों के विस्तृत विवरण के साथ अपनी डायरी बनानी होगी।	नहीं	नही	नहीं	1.5 दिन प्रति माह

	गतिविधि	विवरण	समय प्रतिबद्धता			
			आयुष /दन्त चिकित्सक	ए.एन.एम.	आशा	पियर एजुकेटर
3	किशोर स्वास्थ्य दिवस के आयोजन में मदद	सभी पियर एजुकेटर अपने समूह में शामिल किशोरों को किशोर स्वास्थ्य दिवस उद्देश्य व उसकी कार्य शैली के बारे में बताएंगे और सभी किशोरो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में किशोर स्वास्थ्य दिवस पर पहुँचने के लिए प्रेरित करेगें। प्रत्येक पियर एजुकेटर इसके लिए हर तिमाही में 1.5 दिन का समय दिया जाएगा।	नहीं	नहीं	नहीं	0.5 दिन प्रति माह
4	पियर एजुकेटर के लिए प्रशासन द्वारा सहायता	पियर एजुकेटर को आने वाली समस्याओ जैसे हाजिरी में कमी, जगह आदि के लिए हर पियर एजुकेटर के लिए माह में एक बार प्रशासन द्वारा बैठक की जाएगी	नही	नही	1	0.5 दिन प्रति माह
5	पियर एजुकेटर बैठको की प्रगति रिपोर्ट	प्रत्येक पियर एजुकेटर को माह के अंत में अपनी साप्ताहिक गतिविधियों की तैयार रिपोर्ट जमा करानी होगी। इसमें प्रति माह 2 घंटे का समय लगेगा।	नहीं	नहीं	नहीं	0.5 दिन प्रति माह
6	किशोर समुह बैठकों की गति विधियों की निगरानी	आयुष अथवा दांत चिकित्सक को माह में एक बार कम से कम दो किशोर समूहों की बैठको की निगरानी करनी होगी	0.5 दिन प्रति माह	नहीं	नहीं	नहीं
7	रिपोर्टो की जांच व प्रतिपुष्टि	इसमें शामिल है:- 1. ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टो को तैयार व विश्लेषण कर जमा करवाना 2. पाठ्यक्रम में सुधार के लिए प्रति पुष्टि देना आयुष/ दंत चिकित्सक को इसके लिए 1 दिन प्रति माह का समय निर्धारित होगा।	1 दिन प्रति माह	1 दिन प्रति माह	नहीं	नहीं

	गतिविधि	विवरण	समय प्रतिबद्धता			
			आयुष /दन्त चिकित्सक	ए.एन.एम.	आशा	पियर एजुकेटर
3	मानदेय बांटना	प्रति माह प्रत्येक पियर एजुकेटर को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 50रू का मानदेय दिया जायेगा व प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात अपने समूह से बैठक करने के लिए 100रू मानदेय प्रतिमाह दिया जायेगा।	1 दिन	नही	नही	नही
4	छोड़ कर जाने वाले पियर एजुकेटर का साक्षात्कार व उनके स्थान पर अन्य की नियुक्ति	छोड़कर जाते हुए पियर एजुकेटर से छोड़ने के कारणों को जानना नये पियर एजुकेटर के चुनाव के लिए पियर एजुकेटर की बैठक करवाना जिसमें: - समूह में से किसी एक सदस्य की नियुक्ति के लिए मतदान करवाना नव नियुक्त पियर एजुकेटर को कार्यो में पुराने पियर एजुकेटर द्वारा सलाह व मदद के लिए कहना।	नही	0.5 दिन प्रति माह	नही	0.5 दिन प्रति माह
कुल समय लगेगा (प्रत्येक दिन 8 घंटे) 9 दिन			2.5 दिन प्रति माह	1.5 दिन प्रति माह	1 दिन प्रति माह	4 दिन प्रति माह

अन्य विभागों से समन्वय

राज्य व जिला स्तर पर कार्यक्रम को लागू करने व सुचारू रूप से चलने के लिए व इसमें नए सुधार करने के लिए अन्य विभागों जैसे शिक्षा विभाग व महिला व बाल कल्याण विभाग जहाँ आवश्यक हो के साथ समन्वय किया जा सकता है जैसे कि विद्यालय स्तर पर पियर एजुकेटर के चयन और उनकी बैठकों की निगरानी के लिए विद्यालय के नोडल अध्यापकों की मदद ली जा सकती है और विद्यालय न जाने वाले किशोरों के लिए महिला एवं बाल कल्याण विभाग कार्यक्रम के तहत सबला योजना में आइ.सी.डी.एस. केन्द्रों से सहायता ली जा सकती है।

भर्ती व अवधारण

(Recruitment and Retention)

इस विभाग में पियर एजुकेटर की भर्ती करने व उन्हें कार्यो में लगाये रखने के लिए सहायक पर्यवेक्षन व उनके लिए दिए जाने वाले मानदेय का उल्लेख किया गया है।

राज्यों को पियर एजुकेटर के चयन के लिए एक मापदंड तैयार करना होगा, इस मापदंड में निम्नलिखित बातें शामिल होंगी कि पियर एजुकेटर: –

★ एक स्वयसेवक होना चाहिए।
★ उसकी आयु 15 – 19 वर्ष के बीच में होगी।
★ वह एक समान सामाजिक व भोगौलिक परिपेक्ष्प का होगा जैसे कि समान लिंग व शिक्षण स्तर आदि।
★ कार्यक्रम के लिए पूर्ण समय देने के लिए समर्पित और तत्पर होना चाहिए
★ व्यक्तित्व सम्बन्धी गुण जैसे उच्च प्रेरणा का स्रोत, नेतृत्व क्षमता वाला, व्यवसाय सम्बन्धी ज्ञान आदि से निपुण होना चाहिए।
★ इसी प्रकार के कार्यो में लगे हुए किशोरों जैसे कि सबला योजना आदि में लगे हुए किशोरों को प्राथमिकता दी जाएगी

पियर एजुकेटर का चयन

★ 1000 की जनसंख्या पर सभी गांवो के स्तर पर 4 पियर एजुकेटर (2लड़का व 2लड़की) का चयन किया जायेगा।
★ पियर एजुकेटर का चयन निम्न 2 विधियों द्वारा किया जायेगा: –

1. स्कूलो से पियर एजुकेटर: – जब ए.एन.एम. स्कूलों में मासिक दोरों पर जाती है तब वह अध्यापकों को व बच्चों को किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम व पियर एजुकेटर गतिविधि के बारे में जानकारी देती है और वह अध्यापकों की मदद से उपरोक्त गुणों वाले बच्चों को चयन करेगी जिसमें से अंतिम 4 बच्चो का चयन CHC/PHC पर (2 – 2) आयुष और दंत चिकित्सक करेंगे ।
2. समुदाय के मुखियाओं द्वारा प्रस्तावित लडकों के बारे में भी ए.एन.एम. सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मौजूद आयुष/दंत चिकित्सक को बताएंगी जो अंत तें उनमें से 2 लड़का व 2 लड़की पियर एजुकेटर का चयन कर सकते है।

★ पियर एजुकेटर को 50 रू मासिक बैठक में आने व 100रू अपने क्षेत्र में साप्ताहिक बैठकें करने के लिए देय होगा।
★ कार्यक्रम को छोड़ कर जाते हुए पियर एजुकेटर को इसके कारणों के विषय में पूछताछ की जाएगी और उसकी मदद द्वारा उसी के समूह में से अन्य पियर एजुकेटर के लिए मतदान कर चयन किया जायेगा और जाते हुए पियर एजुकेटर से आशा की जाएगी कि वह नये पियर एजुकेटर की कार्यक्रम सम्बन्धी पूरी मदद करें।

प्रशिक्षण व विकास

इस विभाग में पियर एजुकेटर के प्रशिक्षण व उनको अपने कार्यक्रम के उद्देश्य के लिए प्रोत्साहित करने के विषय में बताया गया है।

प्रशिक्षण की प्रक्रिया

★ सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष चिकित्सकों अथवा दंत चिकित्सकों पर पियर एजुकेटर कार्यक्रम की देखरेख, पियर एजुकेटर का प्रशिक्षण व पियर एजुकेटर द्वारा की गई बैठको की निरिक्षण की प्राथमिक जिम्मेवारी होगी।

★ पियर एजुकेटरों का 6 दिन का प्रशिक्षण साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक किया जा सकता है। इन 6 दिनों को 2 हफतों में पूरा किया जा सकता है।

पियर एजुकेटर का विकास

पियर एजुकेटर की कार्यशैली को निरंतर बढ़ावा मिलता रहे इसके लिए सफल पियर एजुकेटर को राज्य अथवा जिला स्तर पर होने वाले सम्मेलनों अथवा बैठकों में बुलाया जाये। सफल पियर एजुकेटर की साप्ताहिक बैठकों में अन्य पियर एजुकेटर को बुला कर उन्हें भी इस प्रकार की बैठकों को आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

पियर एजुकेटर को सलाह दी जाती है कि वह: –

★ पियर एजुकेटर की बैठकों में किशोरावस्था में आने वाली परेशानियों से सम्बन्धित विषयों जैसे आयु, भेदभाव की भावना, वैवाहिक स्तर, **HIV/AIDS** के खतरों व गर्भावस्था आदि विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये जिससे की सभी किशोर इन समस्याओं से अवगत हो सके।

★ पियर एजुकेटर किट व एफ.ए.क्यू. किताब की सहायता से भागीदारी सत्र करवाए जाने चाहिए जिसमें कि सभी किशोरों को अपने प्रश्न उठाने का मौका मिल सके। इसके लिए यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि अगर कोई किशोर अकेले में कोई सवाल पूछना चाहे तब भी उसकी इच्छा का पूरा समर्थन किया जाये।

★ नियमित उपस्थिति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिसके लिए बैठक रविवार के दिन हो जिसमें कि सभी किशोर उपस्थित रह सके।

★ किशोरों को किशोर हेल्पलाईन व किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक, किशोर स्वास्थ्य दिवस, अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि के बारे में बताकर उन्हें उस संस्था में भी रैफर करना चाहिए।

निरीक्षण व रिपोर्टिंग

इस विभाग में पियर एजुकेटर शिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षण व रिपोर्टिंग फार्मो के विषय में बताया गया है। इनके द्वारा राज्य व जिला स्तर पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि कार्यक्रम में किन स्थानों में काम सुचारू रूप से चल रहा है व किन स्थानों में सुधार की आवश्कयता है।

जिला स्तर पर कार्यो का निरीक्षण

जिला नोडल किशोर स्वास्थ्य अधिकारी को सलाह दी जाती है कि : –

★ कार्यक्रम के शुरूआत में इसके लक्ष्यो को निर्धारित करें।

★ प्रगति रिपोर्ट हर माह की 15 तारीख तक तैयार कर व उसका विश्लेषण कर जमा करा देनी चाहिए।

★ कार्यक्रम में सुधार के लिए सलाह देना, इसके लिए पियर एजुकेटर के द्वारा किये कार्यो व उनके द्वारा तैयार मासिक व तिमाही रिपोर्टो को आधार मान सकते है।

★ हर तिमाही पर राज्य द्वारा पियर एजुकेटर की मासिक रिपोर्टो को समेकित अथवा संयुक्त कर राज्य स्तर की एक तिमाही रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय को भेजनी होगी।

ब्लॉक स्तर पर निरीक्षण

★ आशा पियर एजुकेटर की कार्यक्षमता की जाँच कर सकती है और उसमें किये जाने वाले सुधारों के विषय में बता सकती हैं। यह निम्नलिखित पर आधारित होता है: –

1. पियर एजुकेटर की मासिक रिपोर्ट हर माह की 5 तारीख तक विश्लेषण कर उससे पियर एजुकेटर की कार्यक्षमता के बारे में निष्कर्ष निकाल सकती है।

2. पियर एजुकेटर द्वारा तैयार की गई मासिक डायरी की भी समीक्षा कर उसकी कार्यक्षमता के बारे में निष्कर्ष निकाल सकती है।

3. इस रिपोर्ट को प्रतिमाह 10 तारीख तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद परामर्शदाता (C.H.C. Counsellor) समेकित करेगा व जिला स्तर पर भेजेगा। जब तक परामर्शदाता की नियुक्ति नही होती है तब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम को देख रहे आयुष अथवा दंत चिकित्सक को यह रिपोर्ट तैयार करनी है।

पियर एजुकेटर कार्यक्रम को लागू करने की प्रक्रिया

पियर एजुकेटर कार्यक्रम की योजना बनाने, लागू करने की प्रक्रिया व उसके निरीक्षण आदि के लिए राज्य स्तर पर विभिन्न चरणों में क्रियान्वयन प्रक्रिया चलाई जानी होगी। यह लागू करने की प्रक्रिया जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण विभाग (DHFW) द्वारा सीधे चलाई जाती है। इन्हें नीचे प्रदेर्शो में दर्शाया गया है राज्य, जिला, ब्लॉक, PHC/ उप – स्वास्थ्य केंद्र और अंत में समुदाय स्तर पर कार्यक्रम किस प्रकार लागू किया जाना है: –

राज्य स्तर पर पियर एजुकेटर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रक्रिया

कदम	गतिविधि	आवृति और क्रियान्वयन का समय	प्राथमिक जिम्मेवारी
1	पियर एजुकेटर के लिए त्रिवर्षीय योजना का गठन करना जिसमें की हर वार्षिक योजना व बजट का विस्तार से वर्णन होगा	वार्षिक (राज्य NHM -PIP में दी गई समया-वधि अनुसार)	राज्य नोडल AH अधिकारी
2	राष्ट्रीय स्तर पर दी गई पियर एजुकेटर निर्देश व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को अपनाना और अगर जरूरत हो तो उन्हें अनुवाद करना	एक बार	राज्य नोडल AH अधिकारी
3	पियर एजुकेटर निर्देशों व रिपोर्टिग फार्मो को छपवाना व उन्हें राज्य द्वारा सभी जिलों तक पहुचाना	एक बार	राज्य नोडल AH अधिकारी
4	पियर एजुकेटर किट, एफ.ए.क्यू. किताब व अन्य प्रशिक्षण सामग्री को अपनाकर उन्हे छपवाना	वार्षिक(राज्य NHM -PIP में मंजूर होने के बाद)	राज्य नोडल AH अधिकारी
5	मुख्य प्रशिक्षकों का चयन करना व पियर एजुकेटर प्रशिक्षण रणनीति के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करना	वार्षिक	राज्य नोडल AH अधिकारी
6	पियर एजुकेटर कार्यक्रम की प्रगति की निगरानी के लिए राज्यों द्वारा तिमाही समेकित प्रगति रिपोर्ट को हर तिमाही के बाद आने वाले माह की 15 तरीख तक भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को भेजनी होगी।	तिमाही	राज्य नोडल AH अधिकारी(तिमाही रिपोर्टो के बाद आने वाले माह के अंत तक

जिला स्तर पर पियर एजुकेटर कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रक्रिया

कदम	गतिविधि	आवृति और क्रियान्वयन का समय	प्राथमिक जिम्मेवारी
1	जिला पियर एजुकेटर कार्य योजना में क्रियान्वयन साधनों, महत्वूर्ण गतिविधियों व इनके लिए समयावधि का विस्तार से वर्णन करना होगा। यह निम्न मान्यताओं पर आधारित 1 जिन गाँव में पहले से पियर एजुकेटर सक्रिय हैं वहां पर पियर एजुकेटर का चयन नहीं करना होगा परन्तु जिन गांव में उनका चयन नहीं हुआ वह शीघ्रातिशीघ्र करना होगा। 2 प्रप्तेक पियर एजुकेटर को प्रतिमाह एक दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण उन्हें सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मौजूद आयुष/दांत चिकित्सक द्वारा प्रदान किया जायेगा। 3 प्रशिक्षित पियर एजुकेटर को 15 – 20 किशोरों का एक समूह बना कर प्रत्येक माह 4 साप्ताहिक बैठकें करनी होगी	वार्षिक (राज्य NHM -PIP मे दी गई समयावधि अनुसार)	जिला नोडल AH अधिकारी राज्य नोडल AH अधिकारी
2	अन्य विभागों से अभिसरण जिला स्तर पर जहां प्राप्त हो सके शिक्षा विभाग और महिला व बाल कल्याण विभाग आदि के साथ मिलकर कार्य करने के अवसर तलाशे जा सकते है।	एक बार (राज्य NHM -PIP में दी गई समयावधि अनुसार)	जिला न्यायाधीश कलेक्टर/CMO/ DPM/ जिला नोडल AH अधिकारी
3	किशोर स्वास्थ्य पर कार्यक्रम आयोजित करना व जागरूकता के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना	एक बार (राज्य NHM -PIP में दी गई समया वधि अनुसार)	जिला नोडल AH अधिकारी/ जिला प्रशिक्षण केंद्र
4	पियर एजुकेटर के लिए मानदेय	प्रतिमाह	जिला नोडल AH अधिकारी
5	मासिक निरिक्षण व रिपोर्टिंग ★ राज्य स्तर पर देने के लिए मासिक रिपोर्ट तैयार करना व उसका विश्लेषण कर राज्य को प्रस्तुत करना ★ कार्यक्रम में सुधार के लिए सुझाव (communicating feedback)	हर वर्ष की 10 तारीख तक	जिला नोडल AH अधिकारी

पियर एजुकेटर कार्यक्रम के ब्लॉक स्तर पर क्रियान्वयन की प्रक्रिया

कदम	गतिविधि	आवृति और क्रियान्वयन का समय	प्राथमिक जिम्मेवारी
1	पियर एजुकेटर का प्रतिमाह 1 दिन के प्रशिक्षण का आयोजन करना	यह गतिविधि निरंतर चलती रहेगी। प्रतिवर्ष पी.आई.पी की मंजूरी के आने से पूर्व भी यह गतिविधि चलती रहेगी।	सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य पर मौजूद आयुष/दंत चिकित्सक
2	मासिक निरीक्षण व रिपोर्टिंग * दौरो के द्वारा लगातार गतिविधिओं का निरीक्षण * ब्लाक स्तर की मासिक रिपोर्ट को तैयार कर व विश्लेषण कर जिला स्तर पर प्रस्तुत करना * कार्यक्रम में सुधार के लिए सुझाव देना	हर माह की 5 तारीख तक	ब्लाक परामर्शदाता अर्थात सामुदायिक अथवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मौजूद आयुष/दांत चिकित्सक

PHC/SHC स्तर पर पियर एजुकेटर कार्यक्रम क्रियान्वयन की प्रक्रिया

कदम	गतिविधि	आवृति और क्रियान्वयन का समय	प्राथमिक जिम्मेवारी
1	निरीक्षण निरंतर दौरों के द्वारा पियर शिक्षण की गुणवता की जांच करना (प्रति वर्ष 2 किशोर समूह प्रति गांव)	नियमित दौरो के दौरान	आयुष/दांत चिकित्सक
2	रिपोर्ट, उनका विश्लेषण व प्रतिपुष्टि	हर माह की 5 तारीख तक	पी.एच.सी. में आयुष/दांत चिकित्सक की मदद से

पियर एजुकेटर कार्यक्रम को ब्लॉक स्तर पर क्रियान्वयन की प्रक्रिया

कदम	गतिविधि	आवृति और क्रियान्वयन का समय	प्राथमिक जिम्मेवारी
1	समुदाय में जागरूकता द्वारा सामुदायिक समर्थक	वार्षिक	आशा
2	4 पियर एजुकेटर का चयन		
3	किशोर समूह का गठन	वार्षिक	पियर एजुकेटर द्वारा आशा की मदद से
4	पियर एजुकेटर की बैठकें करवाना व बैठको की डायरी बनाये रखना	4 बैठकें प्रति माह	पियर एजुकेटर
5	साप्ताहिक गतिविधियों पर आधारित मासिक रिपोर्ट तैयार करना	मासिक	पियर एजुकेटर
6	ब्लॉक स्तर के लिए मासिक रिपोर्ट उसका विश्लेषण व प्रतिपुष्टि तैयार करना	मासिक	पियर एजुकेटर

फार्म 1

पियर एजुकेटर का पंजीकरण फार्म

फोटो

क्रमांक .....

दिनांक .....

1. पियर एजुकेटर का नाम: _____
2. लिंग (पुं/स्त्री) _____
3. आयु _____
4. माता/पिता का नाम _____
5. पता _____
6. स्कूली/गैर-स्कूली _____
7. अगर स्कूल में हो तब स्कूल का नाम व पता _____

   _____
8. गैर-स्कूली (किसी व्यवसाय में लगे हो तो बताये) _____
9. फोन/मोबाईल न. _____
10. ईमेल आई.डी _____

फार्म 2

राज्य स्तर की तिमाही पियर शिक्षण की प्रगति रिपोर्ट का फार्म

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध	वास्तविक	विभिन्नता
जिले का नाम				
1	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किये गये गाँव की संख्या			
2	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किए गए ब्लॉको की संख्या			
3	कार्यक्रम में लगे **MHW/NGO** सदस्यों की संख्या			
4	कार्यक्रम में लगी ए.एम.एन. /एन.जी.ओ सदस्यों की संख्या			
5	कार्यक्रम में लगी आशा की संख्या			
नामांकित पियर एजुकेटर				
6	इस तिमाही में नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या			
7	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या			
8	पियर एजुकेटर कार्यक्रम शुरूआत में अब तक कुछ नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या			
प्रशिक्षण				
9	इस तिमाही में प्रशिक्षिता ए.एन.एम् व एम.एच.डवलू. अथवा **NGO** स्टाफ की संख्या			
10	इस तिमाही में किशोर स्वास्थ्य प्रशिक्षण/जागरूकता प्राप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या (**MO, ANM,** /आयुष/दंत चिकित्सक)			
11	तिमाही में प्रशिक्षित पियर एजुकेटरो की संख्या।			
12	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल प्रशिक्षित पियर एजुकेटरों की संख्या			
13	कुल नामांकित पियर एजुकेटर में से पियर एजुकेटर किट प्राप्त पियर एजुकेटरों की संख्या।			

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध		वास्तविक		विभिन्नता	
		10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr
14	इस तिमाही में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल न जाने वाले किशोरों की संख्या।						
15	इस तिमाही में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल न जाने वाली किशोरियों की संख्या।						
16	इस तिमाही में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल जाने वाले किशोर की संख्या।						
17	इस तिमाही में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल जाने वाली किशोरियाँ की संख्या।						
18	इस तिमाही में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए कुल किशोर व किशोरियों की संख्या।						
किशोर समुह के साथ पियर शिक्षण सत्र							
19	इस तिमाही में पियर एजुकेटर द्वारा की गई बैठकों की संख्या						
20	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल पियर एजुकेटर द्वारा की गई बैठकों की संख्या						
21	इस तिमाही में हर पियर एजुकेटर बैठक की औसत उपस्थिति दर						
रैफरल							
22	इस तिमाही में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक पर भेजी गई किशोरियों की संख्या						
23	इस तिमाही में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक पर भेजे गए किशोरों की संख्या						
किशोर अनुकूल मित्रता समूह (AFC)							
24	इस तिमाही में बनाए गए किशोर अनुकूल मित्रता समुहों की संख्या।						

फार्म 3

ज़िला स्तर की मासिक पियर शिक्षण की प्रगति रिपोर्ट का फार्म

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध	वास्तविक	विभिन्नता
जिले का नाम				
1	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किये गये गाँव की संख्या			
2	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किए गए ब्लोकों की संख्या			
3	कार्यक्रम में लगे **MHW/NGO** सदस्यो की संख्या			
4	कार्यक्रम में लगी ए.एम.एन. /एन.जी.ओ. सदस्यों की संख्या			
5	कार्यक्रम में लगी आशा की संख्या			
नामांकित पियर एजुकेटर				
6	इस तिमाही में नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या।			
7	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या।			
8	पियर एजुकेटर कार्यक्रम शुरूआत में अब तक कुल नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या			
प्रशिक्षण				
9	इस तिमाही में प्रशिक्षिता ए.एम.एन व एम.एच.डवलू. अथवा **NGO** स्टाफ की संख्या			
10	इस तिमाही में किशोर स्वास्थ्य प्रशिक्षण/जागरूकता प्राप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या (**MO, ANM,** /आयुष/दंत चिकित्सक)			
11	रिपोर्टिंग माह में प्रशिक्षित पियर एजुकेटरों की संख्या			
12	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल प्रशिक्षित पियर एजुकेटरों की संख्या			
13	कुल नामांकित पियर एजुकेटर में से पियर एजुकेटर किट प्राप्त पियर एजुकेटरों की संख्या।			

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध		वास्तविक		विभिन्नता	
		10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr
14	रिपोर्टिंग माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल न जाने वाले किशोरों की संख्या						
15	रिपोर्टिंगं माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल न जाने वाली किशोरियों की संख्या।						
16	रिपोर्टिंग माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल जाने वाली किशोर की संख्या।						
17	रिपोर्टिंग माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल जाने वाली किशोरियो की संख्या।						
18	रिपोर्टिंग माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेज गए कुल किशोर व किशोरियों की संख्या।						
किशोर समुह के साथ पियर शिक्षण सत्र							
19	रिपोर्टिंग माह में पियर एजुकेटर द्वारा की गई बैठको की संख्या						
20	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल पियर एजुकेटर द्वारा की गई बैठकां की संख्या						
21	रिपोर्टिंग माह में हर पियर एजुकेटर बैठक की औसत उपस्थिति दर						
रैफरल							
22	रिपोर्टिंग माह में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक पर भेजी गई किशोरियों की संख्या						
23	रिपोर्टिंग माह में किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक पर भेजी गई किशोरों की संख्या						
किशोर अनुकूल मित्रता समूह (AFC)							
24	रिपोर्टिंग माह में बनाए गए किशोर अनुकूल मित्रता समुहों की संख्या।						

फार्म 4

पी.एच.सी स्तर की मासिक पियर शिक्षण की प्रगति रिपोर्ट का फार्म

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध	वास्तविक	विभिन्नता
जिले का नाम				
1	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किये गये गाँव की संख्या			
2	पियर एजुकेटर कार्यक्रम लागू किए ब्लोकों की संख्या			
3	कार्यक्रम में लगे **MHW/NGO** सदस्यों की संख्या			
4	कार्यक्रम में लगी ए.एम.एन. /एन.जी.ओ सदस्यों की संख्या			
5	कार्यक्रम में लगी आशा की संख्या			
नामांकित पियर एजुकेटर				
6	इस तिमाही में नामांकित पियर एजुकेटर की			
7	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल नामांकित पियर एजुकेटर की सदस्या			
8	पियर एजुकेटर कार्यक्रम शुरूआत में अब तक कुछ नामांकित पियर एजुकेटर की संख्या			
प्रशिक्षण				
9	इस तिमाही में प्रशिक्षिता ए.एम.एन व एम.एच.डवलू. अथवा **NGO** स्टाफ की संख्या			
10	इस तिमाही में किशोर स्वास्थ्य प्रशिक्षण/जागरूकता प्राप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की संख्या (**MO, ANM,** /आषुय			
11	रिपोर्टिगं माह में प्रशिक्षित पियर एजुकेटरों की संख्या			
12	इस वित्तिय वर्ष में अब तक कुल प्रशिक्षिय पियर एजुकेटरां की संख्या			
13	कुल नामांकित पियर एजुकेटर में से पियर एजुकेटर किट प्राप्त पियर एजुकेटरों की संख्या।			

क्रमांक	सूचक	योजनाबद्ध		वास्तविक		विभिन्नता	
		10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr	10-14yr	15-19yr
14	रिपोर्टिंग माह में ग्रामीण पियर एजुकेटर द्वारा भेजे गए स्कूल न जाने वाले किशोरों की संख्या						
